हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, मंगलवार, 1 जुलाई, 2025

9 इलेक्ट्रोनिक्स शोरूम में लगी आग 50 लाख का सामान जला



10 नगरपालिका के नीचे बेसमेंट में घुसा पानी, कार्यालय का...



## खबर संक्षेप

### टोहाना में पंजाबी अरोड़ा खत्री समाज की बैठक

**टोहाना।** पंजाबी अरोड़ा खत्री समाज की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया। बैठक में रविंद्र मेहता व स्वीटी मेहता को संरक्षक और डॉ अशोक तनेजा को प्रधान चुना गया। कार्यकारिणी में डॉ. मनदीप ग्रोवर उप प्रधान, अनीता मेहता सचिव, लवली मोंगा को कैशियर नियुक्त किया गया। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों ने समाज हित में समर्पित रहने का संकल्प लिया।

### गांव फग्गू के डेरे में मिला युवक का शव

**सिरसा।** जिला के गांव फग्गू में श्मशान घाट के नजदीक बने एक डेरा में युवक का शव मिला है। पुलिस को दी शिकायत में फग्गु निवासी शमशेर सिंह ने बताया कि उसके पास किसी व्यक्ति का फोन आया कि फग्गू गांव में श्मशान घाट के नजदीक बने डेरा में किसी अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। बताया जा रहा है कि मृतक के गले में रस्सी डली हुई थी। आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने हत्या कर लाश को ठिकाने लगाने के लिए आत्महत्या का रूप दिया हो।

### गड्ढे में गिरी 3 गाय दल ने निकाला बाहर

**सिरसा।** शहर में रविवार देर शाम के बाद आई बरसात से गांवों में जगह-जगह जलभराव हो गया। रानियां रोड सब्जी मंडी चौक पर सीवरेज लीकेज के चलते गहरा गड्ढा हो गया था जिसमें रात 10 बजे एक के बाद एक करके तीन गाय इस गड्ढे में जा गिरी। घटना के बाद गौरक्षा दल के सदस्यों ने गायों को बाहर निकाला। इस बारे में उन्होंने पब्लिक हेल्थ विभाग को सूचना दी। इस पर अधिकारियों ने रात को गंभीरता नहीं दिखाई।

### कॉस्मेटिक व्यापारी ने किया सुसाइड

**डबवाली।** डबवाली में सोमवार को एक कॉस्मेटिक व्यापारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार परिवार के सदस्यों ने मनोज को पंखे से लटका हुआ देखा। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डबवाली के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है।

### पेंटिंग बनाकर नशे के खिलाफ दिया संदेश

**सिरसा।** अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर सरकारी स्कूल, बाजेकां में नशे के खिलाफ बेटा बचाओ अभियान के तहत पेंटिंग बनाकर नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। कला अध्यापक अमित कुमार द्वारा नशे पर आधारित पेंटिंग बनाई गई। इस मौके पर एंटी ड्रग्स मैन तरुण भाटी ने नशे के खिलाफ संकल्प पत्र देकर कला अध्यापक अमित कुमार को सम्मानित किया।

### शिवपुरी में 23 जुलाई को लगेगा लंगर भंडारा


**सिरसा।** श्री नीलकंठ समाजसेवा ट्रस्ट की एक अहम बैठक भादरा बाजार स्थित कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में आगामी सेवाओं और कार्यक्रमों को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी 23 जुलाई को श्रावण शिवरात्रि के पावन अवसर पर शिवपुरी सिरसा में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट हर साल यह आयोजन दोनों शिवरात्रियों पर करता है। इसके अलावा, नए वर्ष पर ऋषिकेश स्थित श्री नीलकंठ महादेव प्रांगण में भी विशाल लंगर भंडारा आयोजित किया जाता है। ट्रस्ट लगातार समाजसेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

### भाजपा समर्थित उम्मीदवार को 1029 मतों से हराया

# कांग्रेस समर्थित महेश कुमार बने कालांवाली नगरपालिका के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

कालांवाली नगरपालिका आम चुनाव की मतगणना सोमवार को स्थानीय चौ. देवीलाल विवि के डा. अंबेडकर भवन में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई। मतगणना के उपरांत रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम मोहित कुमार ने विजेता प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र सौंपे। रिटर्निंग अधिकारी ने शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम मोहित कुमार ने बताया कि नगरपालिका कालांवाली के प्रधान पद के चुनाव के लिए हुई मतगणना में महेश कुमार को सर्वाधिक 5127 मत प्राप्त हुए हैं, दूसरे स्थान पर सुनील कुमार पुत्र कश्मीरी लाल को 4098 मत प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि सुभाष कुमार को 912, सुनील पुत्र जोरा सिंह को 298, मुकेश चंद्र को 72, फूल सिंह को 503, चरणदास को 315, चरणजीत सिंह को 215, अजीव कुमार को 645 तथा रानी देवी को 293 मत प्राप्त हुए। इसके अलावा नोटा को 104 मत प्राप्त हुए। चुनाव में कुल 12 हजार 582 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। बता दें कि वार्ड नंबर 12 में अमनदीप कौर व वार्ड नंबर 15 में हरविंद्र सिंह निर्विरोध प्रत्याशी चुने जा चुके हैं। इस मौके पर चुनाव पर्यवेक्षक एवं अतिरिक्त उपायुक्त विरेंद्र सहरावत, सहायक रिटर्निंग अधिकारी शुभम शर्मा, तहसीलदार चुनाव हनुमान प्रसाद, नायब तहसीलदार कुंवरदीप सिंह मौजूद रहे।



सिरसा। विजयी उम्मीदवार को प्रमाण पत्र देते रिटर्निंग अधिकारी मोहित कुमार। *फोटो: हरिभूमि*

### ये रहे परिणाम

- ⏭वार्ड नंबर एक में कुल 1084 मतों में से मंगत राम को 453, विशाल को 359, शंटी को 258 व नोटा को 14 मत प्राप्त हुए।
- ⏭वार्ड नंबर दो में कुल 690 मतों मे से ज्योति को 345, सोनू को 120, अमनप्रीत कौर को 114, अंजू रानी को 105 व नोटा को छह मत प्राप्त हुए।
- ⏭वार्ड नंबर तीन में कुल 793 मतों में से पूजा रानी पत्नी राकेश कुमार को 471, पूजा रानी पत्नी नरेंद्र सिंह को 293 व नोटा को 29 मत प्राप्त हुए।
- ⏭वार्ड नंबर चार में कुल 760 मतों में से सुनील कुमार को 381, हैप्पी को 183, प्रकाश चंद को 128, राम सिंह को 63 व नोटा को पांच मत प्राप्त हुए।
- ⏭वार्ड नंबर पांच में कुल 1092 मतों में से किरणदीप कौर को 699, मंजीत कौर को 379 मत व नोटा को 14 मत प्राप्त हुए।
- ⏭वार्ड नंबर छह में कुल 655 मतों में से अमन जैन को 263, राकेश अरोड़ा को 244, सन्नी कुमार को 77, रूपिंद्र सिंह को 41, राज कुमार को 14, संतोष कुमारी को 14 तथा नोटा को दो मत प्राप्त हुए।
- ⏭वार्ड नंबर सात में कुल 849 मतों में से ज्योति को 456, स्वर्णा देवी को 383 व नोटा को 10 मत प्राप्त हुए।
- ⏭वार्ड नंबर आठ में कुल 616 मतों में से मधु को 388, सिंपल शर्मा को 226 तथा नोटा को दो मत प्राप्त हुए।
- ⏭वार्ड नंबर नौ में कुल 672 मतों में से दिनेश सिंगला को 293, पारूल मोंगा को 196, दर्शन कुमार को 123 तथा कृष्ण कुमार को 60 मत प्राप्त हुए।
- ⏭वार्ड नंबर दस में कुल 1032 मतों में से सिकंदर सिंह को 558, महेश कुमार को 463 तथा नोटा को 11 मत प्राप्त हुए।
- ⏭वार्ड नंबर 11 में कुल 1092 मतों में से सुभाष कुमार को 731, नरेश कुमार को 313, विनोद गोयल को 13, सोनू जिंदल को 31 व नोटा को चार मत प्राप्त हुए।
- ⏭वार्ड नंबर 13 में कुल 883 मतों में से नितिन गर्ग को 485, राम गोपाल को 388 तथा नोटा को 10 मत प्राप्त हुए।
- ⏭वार्ड नंबर 14 में कुल 384 मतों में से भावना कुमारी को 236, मोनिका बंसल को 143 तथा नोटा को पांच मत प्राप्त हुए।
- ⏭वार्ड नंबर 16 में कुल 303 मतों में से सुखजिंद्र सिंह को 253, विक्की कुमार को 50 तथा नोटा को कोई मत प्राप्त नहीं हुआ।

# सीएम फ्लाइंग की टीम ने चार मेडिकल स्टोर पर मारा छापा

- दवाइयां के सैंपल जांच के लिए लैब में भेजें

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

सोमवार दोपहर बाद सीएम फ्लाइंग व ड्रग इंस्पेक्टर की टीम ने टोहाना रोड व बस स्टैंड के पास चार मेडिकल की दुकानों पर छापा मार कार्रवाई की इस दौरान कोई नशीला पदार्थ तो बरामद नहीं हुआ लेकिन कुछ दवाइयां के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब में भेज दिए। कार्रवाई का नेतृत्व ड्रग इंस्पेक्टर धीरज कुमार ने किया जबकि सीएम फ्लाइंग के इंस्पेक्टर राजेश कुमार भी मौजूद रहे। ड्रग इंस्पेक्टर धीरज कुमार ने बताया कि सीएम फ्लाइंग को कुछ दिनों से शिकायत मिल रही थी कि रतिया के कुछ मेडिकल संचालक नशीली दवाइयां का संचालन कर रहे हैं जिस पर उन्होंने इसकी सूचना ड्रग विभाग को दी और सीएम फ्लाइंग के सूचना के बाद आज टीम सीएम फ्लाइंग की टीम के साथ ड्रग विभाग द्वारा टोहाना रोड पर तीन व बुढलाड़ा रोड पर बस स्टैंड के पास एक मेडिकल की दुकान पर छापा मार कार्रवाई की इस छापामार कार्रवाई के दौरान चारों दुकानों से कहीं कोई नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ लेकिन इस दौरान कुछ दवाइयां के सैंपल जांच के लिए लिए लैब में भेज दिए गए और उन्हें जांच के लिए लैब में भेज दिए गए लैब की रिपोर्ट आने पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।



रतिया। जांच करते हुए ड्रग विभाग व सीएम फ्लाइंग के अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

# आज से खुलेंगे स्कूल, अध्यापकों ने स्वयं की स्कूल परिसरों की सफाई

- 290 स्कूलों में नहीं हैं फाईकर्मी
- शिक्षक संघ ने कहा-स्वच्छता जरूरी, नियुक्त करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

हरियाणा के स्कूलों में छुट्टियां खत्म होने के साथ ही मंगलवार 1 जुलाई से स्कूल खुल रहे हैं। करीब एक महीने बाद स्कूलों में रौनक लौटेगी। मगर, स्कूल खुलने से पहले टीचर खुद सफाई में जुटे हुए हैं, ताकि स्टूडेंट्स के आने पर उन्हें स्वच्छ वातावरण मिले। दरअसल, फतेहाबाद जिले में 290 प्राइमरी स्कूलों में सफाई कर्मचारी नहीं है। इन स्कूलों में या तो टीचर खुद सफाई करते हैं या फिर स्टूडेंट्स से करवाते हैं। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सफाईकर्मी नियुक्त करने की मांग की है। एक महीने तक स्कूल बंद रहने के कारण स्कूलों में धूल जम जाती है। दीवारों पर जाले, टेबलों व फर्श पर मिट्टी का गुबार चढ़ा रहता है। ऐसे माहौल में स्टूडेंट्स को फिर से पढ़ाई करनी पड़ती है। हालांकि, जिन स्कूलों में टीचर खुद सफाई नहीं करते हैं। वहां पहले दिन ही आकर स्टूडेंट्स को पढ़ाई शुरू करने से पहले गंदगी साफ करनी पड़ती है।

### प्रेम प्रसंग के चलते युवक ने नहर में लगाई छलांग

**डबवाली।** गांव चौटाला में प्रेम प्रसंग के चलते राजस्थान कनाल में छलांग कर हत्या आत्महत्या करने वाले युवक के शव को पुलिस ने सोमवार को बरामद कर लिया है। शव का डबवाली के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। जानकारी के अनुसार गांव चौटाला निवासी पृथ्वी राय बीती शनिवार रात को अचानक घर से गायब हो गया और एक सुसाइड नोट लिखकर छोड़ गया। इसके बाद उसने राजस्थान कनाल में छलांग लगा दी। युवक गांव चौटाला के ही मैन बाजार में चाय की दुकान करता था। सोमवार ग्रामीणों ने राजस्थान कनाल में कालूआना पुल के पास शव देखा।

# 1200 मनरेगा मजदूरों को पिछले 20 दिन से मिल रही सफाई की मजदूरी

- किसान नेताओं ने आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

क्षेत्र में मनरेगा के तहत कुछ दिन पहले रतिया सब ब्रांच व रत्ताखेड़ा माइनर ब्रांच की सफाई करने वाले लगभग 1200 मजदूरों को पिछले दो सप्ताह से मजदूरी की अदायगी न होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मजदूरों की पेमेंट न होने को लेकर पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के राज्य कार्यकारिणी सदस्य सुखदीप सिंह रंधावा ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही मजदूरों की मजदूरी नहीं दी गई तो उनकी कमेटी मजदूरों के समर्थन में आंदोलन करने को मजबूर हो जाएगी। संघर्ष समिति के राज्य प्रधान मनदीप सिंह व राज्य कार्यकारिणी सदस्य सुखदीप सिंह ने बताया कि रतिया उप मंडल के गांव रत्ताखेड़ा, बुर्ज, मुंशीवाली, बिलासपुर ढाणी , चिम्मो, लाली व अहरवां गांव के लगभग 1200 मजदूरों ने 5 जून से लेकर 15 जून तक रतिया सब ब्रांच व रत्ता खेड़ा माइनर में सफाई की थी। इसकी मजदूरी लगभग 25 लाख रुपए मजदूरों की बनती है लेकिन पिछले 15 दिनों से मजदूरों को मनरेगा की मजदूरी नहीं दी जा रही है जबकि मनरेगा कानून के तहत 5 दिन के अंदर मजदूरों की मजदूरी उनके खाते में डालनी जरूरी है। मजदूरों का कहना है कि नहर की सफाई करने के बाद सिंचाई विभाग के अधिकारी उनकी मजदूरी दर्ज नहीं कर रहे हैं। अगर जल्द ही मजदूरों को मजदूरी नहीं दी गई तो मजबूरन किसान संघर्ष समिति पगड़ी संभाल जट्टा मजदूरों के समर्थन में आंदोलन करेगी।



मनदीप नथवान व सुखदीप सिंह।

# संभावित बाढ़ से बचाव के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश

- एसडीएम ने घग्गर नदी व बाढ़ संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

एसडीएम सुरेश कुमार ने सोमवार को गावों चिम्मो में साइफन नदी, घासवा हैड, घग्गर नदी व बाढ़ संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी ड्रेनो, नहरों व नालों की साफ सफाई आदि कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। एसडीएम सुरेश कुमार ने बताया कि घग्गर नदी की अन्य समस्याओं व बाढ़ बचाव कार्यों को लेकर भी वह जल्द संबंधित विभाग के अधिकारियों की प्रगति रिपोर्ट बारे समीक्षा बैठक बुलाएंगे और उनसे पूरे मामले पर बातचीत करके घग्गर नदी की अन्य समस्याओं का भी हल करवाने का प्रयास करेंगे। इस दौरान उन्होंने बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा किया और कहा कि सभी कार्य समयबद्ध पूरे किये जाएंगे ताकि क्षेत्र के लोगों को किसी भी प्रकार की हानि न हो और संभावित बाढ़ से बचाव के प्रबंध पुख्ता हों। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी पूर्व में हुई खामियों से सबक लेते हुए कमजोर तटबंधों पर विशेष फोकस करें और समय रहते तटबंधों व चैनलों को मजबूत किया जाए।



रतिया। बाढ़ संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए एसडीएम सुरेश कुमार।

### हिसार घग्घर ड्रेन की सफाई में फर्जीबाड़ा

**सिरसा।** मनरेगा के तहत करवाए जाने वाले कार्यों में धांधली बरते जाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। सरकार की ओर से आनलाइन प्रणाली अपनाए जाने पर भी इसमें रोकथाम नहीं लग पाई है। शातिर लोगों द्वारा फर्जी मजदूर दर्शाकर सरकारी धन को चपत लगाई जा रही है। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नाथसूरी चोपटा द्वारा डीआरडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को भेजे पत्र में इस आश्य का खुलासा हुआ है कि हिसार घग्घर ड्रेन की सफाई कार्य में फर्जीबाड़ा किया गया। गांव बकरियांवाली के जागरूक ग्रामीण कुलदीप पुत्र बनवारी लाल की ओर से फर्जीबाड़ा किए जाने की शिकायत उपायुक्त से की गई थी।

# अवैध पिस्तौल सहित एक आरोपी को दबोचा

- आरोपी पर पहले से दर्ज हैं चार आपराधिक मामले, एक मामले में है भगौडा घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले में अपराधों की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शहर टोहाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक नाजायज 12 बोर पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। इस संबंध में थाना शहर टोहाना में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी से गहन पूछताछ जारी है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने बताया कि अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु मुख्य सिपाही मंदीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी, तभी टीम को सूचना मिली कि डांगरा रोड बाइपास टोहाना क्षेत्र में एक युवक अवैध हथियार के साथ संदिग्ध स्थिति में घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर नाकाबंदी की और आरोपी को काबू कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रोहताश उर्फ गोलू पुत्र सुभाष, निवासी तहसील नरवाना, जिला जींद के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी रोहताश उर्फ गोलू के विरुद्ध पहले से ही चार गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ जींद के थाना गढ़ी में 9 सितम्बर 2016 को चोरी के आरोप में, 11 मार्च 2018 को शस्त्र अधिनियम के तहत, थाना शहर टोहाना में 27 फरवरी 2019 व 12 नवम्बर 2019 को शस्त्र अधिनियम के दो मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपी से यह भी पूछताछ कर रही है कि वह अवैध हथियार कहां से लाया और इसका क्या उपयोग करने वाला था।



टोहाना। पुलिस गिरफ्त में पिस्तौल सहित गिरफ्तार युवक।

# एक लाख 90 हजार की अफीम सहित तस्कर गिरफ्तार

**रानियां।** पुलिस ने एक नशा तस्कर को करीब एक लाख 90 हजार रुपये की 945 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सैल सिरसा प्रभारी राजेंद्र कुमार ने सोमवार को बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान सुच्चा सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम जिला के गांव जीवननगर क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक अफीम बेचने की फिराक में है। पुलिस ने नाकाबंदी कर वाहनों की तलाशी शुरू कर दी। इसी दौरान एक युवक पैदल आता दिखाई दिया जो कि पुलिस टीम को देखकर वापस मुड़कर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने उसे काबू कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से करीब 945 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रानियां थाना में अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि आरोपी को पुलिस अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी हासिल की जाएगी।



अफीम तस्करी मामले में पकड़ा आरोपी।

# नगरपालिका में कचरा गाड़ियों के फर्जी बिल पर जेई निलंबित

**भूना।** नगर निकाय मंत्री विपिन गोयल के निर्देश पर विभाग के प्रधान सचिव ने भूना नगर पालिका की चेयरपर्सन की शिकायत पर जूनियर इंजीनियर राजेश कुमार भांभू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मंत्री स्तर से कार्रवाई की पुष्टि हो चुकी है। इसे स्थानीय प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। चेयरपर्सन अर्पणा पंकज पसरीजा ने आरोप लगाया कि अप्रैल में नगर क्षेत्र में केवल तीन कचरा गाड़ियां चलाई गईं। इसके बावजूद जेई ने चार गाड़ियों का बिल बनाकर 48,800 का भुगतान दर्शाया। उन्होंने इसे जनधन के दुरुपयोग की गंभीर लापरवाही बताया। चेयरपर्सन ने बताया कि उन्हें लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि पिछले 10 दिनों से कई वार्डों में कचरे की गाड़ी नहीं पहुंची। वार्ड 5 की ओढ़ समाज वाली गली की हालत बेहद खराब है।

### प्रत्येक मेडिकल स्टोर में कैमरे लगाने के निर्देश

# अंकित करना होगा फार्मासिस्ट का नाम व लाइसेंस नंबर

- स्कूल व कॉलेज स्तर पर आयोजित किए जाएं जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा है कि नशा मुक्ति के लिए सभी विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल से कार्य करें और जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं वहीं मेडिकल के नशे को रोकने को लेकर भी निगरानी बढानी होगी। लघु सचिवालय के सभागार में नारकोटिक्स कार्डिनेशन कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी मेडिकल हॉल पर कैमरे लगाए जाना सुनिश्चित किया जाए। मेडिकल हॉल के बाहर फार्मासिस्ट का नाम व लाइसेंस नंबर भी अंकित किया जाना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि नशे के प्रति प्रशासन गंभीर है और हर हाल में नशा रोके जाने को लेकर कदम उठाए जाने हैं। नशा चाहें किसी भी प्रकार का हो, उसे रोकना जरूरी है। उन्होंने ड्रग कंट्रोलर को निर्देश दिए कि मेडिकल स्टोर पर भी जांच का दायरा बढाया जाना चाहिए। जो दवाएं चिकित्सक की सलाह से दी जानी है, उसके रिकार्ड को गहनता से जांचना चाहिए। उन्होंने पुलिस को भी निर्देश दिए कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को और तेजी से चलाएं। शिक्षा विभाग से स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने को कहा गया है ताकि विद्यार्थी नशे की प्रवृति से दूर रहें। नशे के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए वीडियो भी दिखाई जाएगी। पुलिस अधीक्षक डबवाली निकिता खट्टार ने कहा कि पुलिस नशे के खिलाफ अभियान चलाए हुए है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे नशा तस्करों के बारे में जानकारी दें ताकि उन्हें पकड़ा जा सके।




सिरसा। बैठक को संबोधित करते उपायुक्त शांतनु शर्मा। *फोटो: हरिभूमि*

### नशे के खिलाफ निरंतर अभियान जारी

पुलिस अधीक्षक डा. मयंक गुप्ता ने कहा कि पुलिस नशे के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। पुलिस तो काम कर रही रही है, ऐसे अभियान में आमजन की भागीदारी जरूरी है। सामाजिक संस्थाओं को भी इस दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने बैठक में पुलिस द्वारा अबतक चलाए गए अभियान की भी जानकारी दी।






सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कौन, कब दोस्त बनकर हमारे साथ खेल खेलने लगे, कुछ पता नहीं। इन जालसाजों के जाल में लड़कियां ही नहीं, मैच्योर महिलाएं भी भावनात्मक, शारीरिक और फाइनेंशियल फ्रंट पर शोषण का शिकार हो रही हैं। इसलिए अनजाने लोगों से जुड़ने में सजगता बहुत जरूरी है।

# लव स्कैम इस धोखेबाजी से बचें

कवर स्टोरी

**डॉ. मोनिका शर्मा**



आजकल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर स्नेह भरे जुड़ाव के नाम पर हर एज ग्रुप की महिलाएं छलावे का शिकार हो रही हैं। अनदेखे-अनजाने चेहरों के वादों और दावों की जालसाजी उनके जज्बातों के साथ खिलवाड़ ही नहीं करती, आपराधिक घटनाओं का भी कारण बनती है। सोशल मीडिया में प्रेम जताने, मन भटकाने के नाम पर लव स्कैम या रोमांस स्कैम के रूप में होने वाली धोखेबाजी के मामले खूब सामने आ रहे हैं। इतना ही नहीं फाइनेंशियल स्कैम भी हो रहे हैं। ऐसे में सभी वर्चुअल प्लेटफॉर्म्स पर महिलाओं का सजग रहना जरूरी है।

**सोची-समझी चालबाजी:** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर किसी भी तरह के शोषण और धोखाधड़ी का खेल खेलने वाले लोग सोच-समझकर जाल बिछाते हैं। गांवों-कस्बों से लेकर मेट्रो सिटीज तक, बड़ी संख्या में महिलाएं और लड़कियां ऐसी जालसाजी का शिकार भी हो रही हैं। खासकर इमोशनल जुड़ाव की भूल-भुलैया में हर आयु वर्ग की महिलाओं के साथ धोखाधड़ी हो रही है। पिछले कुछ समय चर्चा में आई 'पिग बुचरिंग स्कैम' की स्ट्रेटेजी में महिलाओं के साथ सोची-समझी चालबाजी से जालसाजी की जा रही है। असल में 'पिग बुचरिंग स्कैम' की धोखाधड़ी को समझने से लिए बूचड़खाने का उदाहरण दिया जाता है। जैसे बाड़े में जानवर को देखभाल के साथ रखते हुए स्नेह-संभाल करने के बाद उसका जीवन छीन लिया जाता है, वैसे ही इस तरह ठगी करने वाले पहले विश्वास जीतने का खेल खेलते हैं। धोखा देने से पहले इस जालसाजी में क्लोज फ्रेंडशिप और प्रेम भरे जुड़ाव का पहलू भी शामिल होता है। झूठे प्रेम के नाम पर पूरी प्लानिंग के साथ ऐसी धोखाधड़ी का खेल खेला जाता है। महिला मित्रों के साथ सधे-सहज ढंग से रिश्ते जोड़कर प्रेम के नाम पर संवाद करते हुए धोखाधड़ी के भंवर में फंसाया जाता है। जिसके चलते बहुत-सी स्त्रियां भावनात्मक, शारीरिक और फाइनेंशियल फ्रंट पर शोषण का शिकार बन जाती हैं।

**इमोशनल फ्रंट पर धोखा:** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर होने वाली धोखेबाजी के अधिकतर मामलों में सबसे पहले भरोसा जीतने के लिए दोस्ती और प्रेम का ही सहारा लिया जाता है। फिर फाइनेंशियली ठगने के लिए धमाकेदार रिटर्न का वादा करते हुए पैसे इंवेस्ट करवाए जाते हैं या शारीरिक-मानसिक शोषण के लिए निजी बातें और जानकारियां पूछी जाती हैं। सरहदों की दूरियां मिटाकर दुनिया के हर कोने में बसे लोगों को जोड़ने वाली वर्चुअल दुनिया में जालसाजी का यह रंग-ढंग ग्लोबल लेवल पर विस्तार पा रहा है। यही वजह है कि भावनात्मक दिशाहीनता से जुड़े ठगी के ऐसे मामलों में आभासी दुनिया में विशेष सतर्कता की दरकार है। आमतौर पर सोशल मीडिया मंचों पर जाली प्रोफाइल बनाकर भी महिलाओं को प्यार के चंगुल में फंसाया जाता है। कुछ समय पहले दिल्ली के 23 वर्षीय लड़के ने खुद को ब्राजीलियन मॉडल बताकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स बंबल और स्नैपचैट पर 700 लड़कियों से भावनात्मक जुड़ाव बनाकर अपने जाल में फंसाया। उसने 18 से 30 साल की महिलाओं से मित्रता बढ़ाकर निजी तस्वीरें भेजने के लिए मना लिया। तस्वीरें भेजने वाली लड़कियों और महिलाओं को ब्लैकमेल करने के इरादे से खेले गए खेल में उसने तस्वीरों को इंटरनेट पर वायरल करने या डार्क वेब पर बेचने की धमकी देकर पैसे लिए। समझना कठिन नहीं कि ऐसे मामले भी कहीं ना कहीं महिलाओं के भावनात्मक दोहन से ही जुड़े होते हैं। झूठे प्रेम का जाल बुनकर अंजाम दिए जाते हैं। जरूरी है कि महिलाएं व्यावहारिक धरातल पर सोचें। सोशल मीडिया के आभासी संसार में प्यार के भ्रम भरे उलझाऊ संबंधों के घेरे में ना आएं।

### ऐसे बचें धोखाधड़ी से

- कभी निजी जीवन की चर्चा ना करें।
- अनजान लोगों के साथ चैटिंग करने से बचें।
- भावनात्मक-पारिवारिक कमजोरियों का जिक्र कभी ना करें।
- तस्वीरें शेयर करते समय अवेयर रहें।
- वर्चुअल फ्रेंड्स से पर्सनली मिलने की जानकारी अपनों को भी दें।
- जालसाजी में फंस जाएं तो फैमिली मेंबर्स को बताने में देरी न करें।
- अपनी या परिजनों की लोकेशन कभी साझा न करें।

**अनगिनत खामियाजे:** झूठे प्रेम की वर्चुअल धोखाधड़ी असली दुनिया में सब कुछ उजाड़ देती है। इस सोचे-समझे जाल को समय रहते समझ कर इसके जाल में फंसने से पहले संभल जाइए। यह कटु सच है कि मौजूदा दौर में असल दुनिया से लेकर वर्चुअल दुनिया तक, खुद को भावनात्मक रूप से मजबूत रखना जरूरी हो गया है। यह समझना जरूरी है कि प्रेम यूं तलाशने या आंख बंद कर किसी की बातों में आ जाने से नहीं मिलता। यह फरेब तो महिलाओं से बहुत कुछ छीन लेता है। पैसे ऐंठने से लेकर ब्लैकमेलिंग का भय दिखाने तक, धन, सुकून और संबंधों में खटास आने जैसे अनगिनत नुकसान झेलने पड़ते हैं। जालसाजी के ऐसे मामलों में कई बार ब्लैकमेलिंग पैसे ऐंठने तक ही सीमित नहीं रहती। महिलाओं को शारीरिक शोषण और दूसरे लोगों को ठगने के खेल में शामिल होने के लिए भी मजबूर किया जाता है। यह सच है कि ऑनलाइन संसार से बढ़ती कनेक्टिविटी ने युवतियों-किशोरियों के लिए नहीं, बड़ी उम्र की महिलाओं के लिए भी मेलजोल का एक नया संसार खोला है। ऐसे में डिजिटल क्रांति से जुड़ा बदलाव पर्सनल फ्रंट पर पहले से कहीं ज्यादा ठहराव और समझ की मांग करता है। सोशल मीडिया और डेटिंग एप्स की डिजिटल दुनिया ने प्रेमपगे गठजोड़ के नए रंग हमारे सामने रखे हैं। रोमांस और ठगी की भाषा बदल दी है। कुछ लोगों के लिए यह जुड़ाव इरादतन खेला गया खेल होता है। दूर बैठे चेहरे गुमराह करने लगते हैं। हर दिन सामने आते धोखेबाजी के किस्से बताते हैं कि अनजान चेहरों से जज्बाती तौर पर जुड़ने के मामले में सजगता बरतनी आवश्यक है। ❀

# पॉजिटिव सोच के साथ करें हर नए दिन की शुरुआत

अगर आप रोज सुबह पॉजिटिव रहें तो आपका हर दिन ऊर्जा से भरपूर रहेगा। हम बता रहे हैं कुछ सरल लेकिन प्रभावशाली उपाय, जो हर सुबह को आशावादी, ऊर्जावान और सार्थक बना सकते हैं।

लाइफस्टाइल

**अनीता जैन**



हर सुबह हमारे जीवन में एक नया अवसर लेकर आती है- नई ऊर्जा, नई उम्मीद और एक नई दिशा चुनने का संकल्प। जिस प्रकार सूरज हर दिन नई रोशनी के साथ उदित होता है, ठीक वैसे ही हर व्यक्ति को हर सुबह अपने जीवन में सकारात्मकता का प्रकाश भरने का अवसर मिलता है। जीवन की सफलता और मानसिक शांति इस बात पर निर्भर करती है कि हम दिन की शुरुआत किस भाव, सोच और दृष्टिकोण के साथ करते हैं? अगर सुबह की शुरुआत सकारात्मक विचारों, आत्मविश्वास और आभार की भावना के साथ की जाए तो न केवल वह दिन बल्कि जीवन की दिशा भी बदल सकती है।

**हर सुबह एक वरदान है:** इसमें कोई संदेह नहीं कि हर सुबह हमारे लिए किसी वरदान की तरह होती है। अगर हम इसे मुस्कान, आशा और उद्देश्य के साथ अपनाएं, तो हर दिन सफलता और सुख की ओर पहला कदम बन सकता है। हमारे विचार, हमारी दिनचर्या और हमारी सोच ही अंततः हमारे भविष्य का निर्माण करती है। इसलिए जरूरी है कि हम दिन की शुरुआत सही सोच के साथ करें।

**सुबह जल्दी जगें:** धार्मिक ग्रंथों में ही नहीं स्वास्थ्य शास्त्रों में भी 'ब्रह्म मुहूर्त' में जागने की महत्ता बताई गई है। सुबह जल्दी उठने से हमें स्वयं के साथ कुछ शांत पल बिताने का अवसर मिलता है। दिन भर की भाग-दौड़ से पहले यह समय आत्मनिरीक्षण और सकारात्मक ऊर्जा को प्राप्त करने का सबसे अच्छा माध्यम है। लेकिन सुबह जल्दी उठकर मोबाइल देखने की बजाय आंख खुलते ही कुछ गहरी सांस लें और ईश्वर को धन्यवाद दें कि उनकी कृपा से आपको एक और दिन मिला है।

**सकारात्मक विचारों को दोहराएं:** दिन की शुरुआत सकारात्मक विचारों से करें। आप अपने लिए कुछ प्रेरणादायक वाक्य दोहरा सकती हैं जैसे- 'आज का दिन मेरे लिए शुभ है।', 'मैं हर परिस्थिति में शांत और संतुलित रहूंगी।', 'हर चुनौती मुझे और बेहतर बनाएगी।', 'हे ईश्वर! मुझसे कोई गलत काम न हो।' ऐसा आत्म-संवाद मन को नई ऊर्जा और आत्मविश्वास से भर देता है। धीरे-धीरे यह अभ्यास हमारी सोच को सकारात्मक दिशा देने लगता है।

**कृतज्ञता का भाव रखें:** कई बार हम जो कुछ हमारे पास है, उसकी कद्र नहीं करते और जो नहीं है, उसके लिए दुखी रहते हैं। लेकिन अगर हम हर दिन यह सोचें कि हमारे पास क्या-क्या अच्छा है- जैसे परिवार, स्वास्थ्य, भोजन, घर- तो एक संतोष का भाव उत्पन्न होता है। यह कृतज्ञता जीवन को सकारात्मक दृष्टि से देखने की आदत बनाती है।



### करें ध्यान-प्राणायाम

कुछ मिनटों का ध्यान और प्राणायाम हमारी मानसिक स्थिति को बेहतर करता है। यह शरीर को शुद्ध प्राणवायु प्रदान करता है और मन को शांत करता है। जब मन शांत होता है, तो हम परिस्थितियों को अधिक स्पष्टता और सकारात्मकता के साथ देख पाते हैं। मानसिक एकाग्रता बढ़ती है और दिन भर के कार्यों में उत्साह बना रहता है।

**सकारात्मक संदेश पढ़ें या सुनें:** अखबार, पुस्तक के किसी सकारात्मक आध्यात्मिक विचार से दिन की शुरुआत करने से मन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। सुबह-सुबह किसी भी प्रकार की नकारात्मकता से बचते हुए, कोई प्रेरणादायक लेख, जीवनियों का अंश या धार्मिक ग्रंथ का श्लोक पढ़ना सकारात्मकता को बढ़ाता है। इसी तरह सकारात्मक भक्ति गीत या मंत्र भी मन को ऊर्जा प्रदान करते हैं।

**दूसरों को दें शुभकामनाएं:** अपने घरवालों को मुस्कराकर 'सुप्रभात' कहें, छोटे से संदेश से दूसरों का दिन भी बेहतर बनाया जा सकता है। जब हम दूसरों को शुभकामनाएं देते हैं या उनके लिए अच्छा सोचते हैं, तो वही ऊर्जा हमारे जीवन में भी लौटती है। ❀

सलाह

**नम्रता नदीम**

अगर बेटे की शादी के बाद बहू से आपकी नहीं निभ रही है, घर में कलह का माहौल रहता है तो बेहतर यही होगा कि बेटे-बहू को अलग रहने की इजाजत दे दें। यह दोनों के हित में है।

# शादी के बाद जब बेटा-बहू रहना चाहें अलग



अमित की शादी हुई तो पत्नी नमिता ने कुछ ही महीने बाद अलग रहने का डिसीजन ले लिया। नमिता को शिकायत थी, सास का बिहेवियर बहुत बुरा रहता है। वह बात-बात पर टोकती हैं। नमिता को अपने जीवन में सास की जरा-सी भी दखलअंदाजी पसंद नहीं थी। एक महीने तो किसी तरह नमिता ने सास के साथ एडजस्ट किया, लेकिन दो महीने के बाद ही वह अमित के साथ अलग किराए का घर लेकर रहने लगी।

**बहू को चाहिए आजादी:** यह देखा जा रहा है, नई नवेली दुल्हन जो आजाद ख्याल की होती है, उसे अपने जीवन में सास-ससुर का हस्तक्षेप बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होता। वह उनसे अलग रहना चाहती है। यहां यह समझने वाली बात है कि अगर सास-ससुर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हैं, घर में उनका ख्याल रखने के लिए दूसरे सदस्य हैं तो उन्हें अपने बेटे के सुखी दांपत्य जीवन के लिए अलग रहने का निर्णय स्वीकार लेना चाहिए। बेटे की शादी के बाद अगर उसकी पत्नी और पैरेंट्स के बीच खींचतान रहती है, घर में कलह का माहौल रहता है, ऐसे में समझदारी यही है कि वे अलग जाकर रहें। शादी के बाद अगर बहू अलग रहना चाह रही है तो माता-पिता दुखी, परेशान न हों। बेटे के घर से अलग रहने में कोई बुराई नहीं है। इसकी चिंता न करें कि कौन क्या कहेगा?

**व्यावहारिक सोच रखें:** बेटे-बहू के अलग रहने की बात से कई लोग असहमत हो सकते हैं। उनका तर्क हो सकता है कि बेटे की शादी हम किसलिए करते हैं, ताकि परिवार में सब लोग मिलकर एक-दूसरे के साथ प्यार से रहें। यह उन घरों के लिए तो सही होता है, जहां बहू का मन सास-ससुर के साथ रहने, उनकी सेवा करने और उनके साथ एडजस्टमेंट करने का होता है। लेकिन जिन लड़कियों की सोच सास-ससुर से अलग घर लेकर पति के साथ रहने की होती है, तो इसे स्वीकार कर लेना चाहिए। बहू को सास-ससुर के साथ अगर घर में रहने से तनाव रहता है, बेटे की शादीशुदा जिंदगी पर ही नहीं बल्कि परिवार के बाकी सदस्यों पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है, बेटे-बहू इतना कमाते हैं कि वो आराम से बाहर किराए पर घर लेकर रह सकते हैं तो उन्हें अलग रहने की इजाजत दे देनी चाहिए। इस मामले में व्यावहारिक सोच रखें।

**एक-दूसरे को करें सपोर्ट:** अलग रहने पर अगर बेटे-बहू खुश हैं तो आपको भी खामोशी से अपनी खुशी की राह तलाश लेनी चाहिए। इसमें दोनों तरफ से एक-दूसरे को सहयोग देने की भावना होनी चाहिए। अपने सुख-दुख बांटें, सुबह-शाम फोन पर बात करें। जब जरूरी हो, एक-दूसरे को इमोशनल सपोर्ट दें। जब भी एक-दूसरे को उनकी जरूरत हो तो साथ जाकर रहें। इससे संबंध हमेशा बने रहेंगे।

**मदद लेने में न हिचकें:** यह कभी नहीं भूलें कि बेटे और बहू के साथ आपका करीबी रिश्ता है। एक-दूसरे के प्रति अधिकार और कर्तव्य इसमें इनबिल्ट है यानी, माता-पिता के सामने अगर कोई समस्या आती है, तो वे अपने बच्चों से मदद लेने में संकोच न करें और बेटा-बहू को भी अगर माता-पिता के मानसिक या फाइनेंसियल सपोर्ट की जरूरत है तो वे भी उनसे खुल कर कहें। याद रखें, आपने बेटे-बहू को अलग रहने की आजादी दी है, तो इस बदलाव को मन से स्वीकार करें, इसी में सबकी खुशी है।

**रह सकते हैं साथ भी:** जरूरी नहीं बहू-बेटा अपनी आजादी के लिए कहीं दूसरी जगह जाकर रहें। अगर आपको अपने बेटे से या आपके बेटे को आपसे ज्यादा लगाव है तो आप साथ में रह कर भी बेटे-बहू को पूरी आजादी दे सकते हैं।

**बनाए रखें रिश्ता:** बेटे के अलग हो जाने के बाद भी उससे रिश्ते बनाकर रखें। बेटे को पूरा सहयोग दें ताकि वह अपनी पत्नी के साथ अच्छी बॉन्डिंग बना सके। बेटा-बहू अलग रहते हैं, इसके बावजूद सभी लोग समय-समय पर एक-दूसरे से मिलते-जुलते रहें। ❀

स्किन केयर


**चेतना झा**

# उमस भरी इस गर्मी में बनी रहेगी ग्लोइंग स्किन

मौसम का हर दौर त्वचा और बालों के लिए अलग तरह की केयर की मांग करता है। बारिश के साथ होने वाली उमस भरी गर्मी के इन दिनों के मौसम में भी अपनी स्किन केयर रूटीन को मौसम के अनुकूल करना चाहिए।

**सीटीएम:** सीटीएम यानी क्लीनिंग, मॉयश्चराइजिंग एंड टोनिंग, इस मौसम में त्वचा की देखभाल का मूलमंत्र है। ऐसी गर्मी में स्किन की क्लीनिंग के लिए हल्के जैल क्लींजर और जैल बेस्ड ही मॉयश्चराइजर का उपयोग करें। लाइट मॉयश्चराइजर आपके पोर्स को बंद नहीं करेंगे।

**एसपीएफ रेंज:** इस सीजन में भी घर से बाहर निकलने से पहले सनस्क्रीन लगाना जरूरी है, लेकिन सनस्क्रीन का एसपीएफ कितना हो यह जानना भी जरूरी है। यूरोपियन एकेडमी ऑफ डर्मेटोलॉजी एंड वेनेरोलॉजी और अमेरिकन एकेडमी ऑफ डर्मेटोलॉजी की सलाह के अनुसार सनस्क्रीन एसपीएफ 30 से कम नहीं होना चाहिए।



**जब निकले पसीना:** बाहर अधिक समय रहने, अधिक काम करने या वर्कआउट के बाद पसीना आना स्वाभाविक है। पसीना आने से रोम छिद्रों में तेल और गंदगी जाने की आशंका होती है, इसलिए पसीने के बाद त्वचा की साफ-सफाई का खास ध्यान रखें। इससे रोमछिद्र बंद होने से बचाव होता है। पसीने से भीगी ड्रेस को दुबारा पहनने से पहले साफ जरूर करें।

**शावर जरा कम:** अधिक देर पानी में रहने से शरीर का नेचुरल ऑयल कम हो जाता है और स्किन में ड्रायनेस की समस्या आ जाती है। हॉट शावर लेने की आदत से समस्या और बढ़ जाती है। इस मौसम में दो बार से अधिक नहीं नहाएं और दस मिनट से अधिक शावर न लें।

**इनका भी रखें ध्यान:** गर्मियों में अधिक तापमान, पसीने आदि की वजह से रोम छिद्र खुल जाते हैं। बाहर निकलने पर हाथों पर लगी गंदगी, तेल आदि के संपर्क में जब ये खुले रोम छिद्र आते हैं तो एक्ने की समस्या बढ़ जाती है। इसलिए चेहरे की त्वचा के साथ हाथों की सफाई पर भी खास ध्यान दें। एक्ने की समस्या हो तो सैलिसिलिक एसिड युक्त या यूकेलिप्टस बेस्ड क्लींजर का इस्तेमाल करें। हयालूरोनिक एसिड और ग्लिसरीन युक्त मॉयश्चराइजर लगाएं। टोनर लाइट और हाइड्रेटिंग हो। एसपीएफ 50 का सनस्क्रीन धूप में निकलने से करीब 20-30 मिनट पहले चेहरे और शरीर के दूसरे खुले हिस्से में लगाएं। ❀

**(डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. सरोज राय से बातचीत पर आधारित)**

ओरल हेल्थ

**संध्या रानी**

आप अपने बच्चों की हेल्थ का ध्यान रखने में कोई लापरवाही नहीं बरततीं, लेकिन क्या उनके दांतों की देखभाल भी अच्छी तरह से करती हैं? यहां बताई जा रही बातों को फॉलो करें, इससे बच्चों को कोई डेंटल प्रॉब्लम नहीं होगी।

# ऐसे करें बच्चों की डेंटल केयर

अधिकतर बच्चों को चॉकलेट, टॉफी, स्वीट्स, कुकीज खाना और कोल्ड ड्रिंक पीना बेहद पसंद होता है। कई पैरेंट्स अपने बच्चों से किसी बात को मनवाने के लिए चॉकलेट या टॉफी देने का लालच बार-बार देते हैं। मेहमान या रिलेटिव्स भी जब घर आते हैं तो ज्यादातर बच्चों के लिए टॉफी, चॉकलेट, केक, कोल्ड ड्रिंक ही लेकर आते हैं। इससे बच्चों में मीठा खाने की लत लग जाती है। ज्यादा मीठा खाने से उनके दांतों में इंफेक्शन हो जाता है, उसमें दर्द रहने लगता है, गम्स में सूजन या दांतों में सड़न भी हो सकती है।

**दांतों में सड़न के कारण:** चॉकलेट, स्वीट्स, कुकीज, टॉफी और कोल्ड ड्रिंक में शुगर की मात्रा अधिक होने के कारण ये सब बच्चों के लिए नुकसानदायक होते हैं। चॉकलेट चिपचिपी होने की वजह से दांतों में फंस जाती है। इससे दांतों में बैक्टीरिया पैदा हो जाते हैं, क्योंकि आमतौर पर बच्चे चॉकलेट खाने और कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद पानी से कुल्ला नहीं करते हैं। इससे दांतों में कैविटी और सड़न भी पैदा होने लगती है। चॉकलेट अधिक खाने से दांत की ऊपरी लेयर सॉफ्ट हो जाती है, जिससे कैविटी बनने की संभावना बढ़ जाती है। इतना ही नहीं चॉकलेट अधिक खाने से दांत पीले हो जाते हैं और प्लॉक बन जाता है। कोल्ड ड्रिंक में एसिड होने के कारण दांतों की जड़ों को भी बहुत नुकसान पहुंचता है। यह दांत में कैल्शियम की मात्रा कम कर देता है, जिससे दांतों की सड़न और मसूड़ों में सूजन होने की संभावना बढ़ जाती है। मसूड़े में सूजन की वजह से बैक्टीरिया बढ़ जाते हैं और दांतों में कीड़े भी लग सकते हैं। इससे दूसरे दांतों में भी कीड़ा लगने का खतरा बढ़ जाता है। जो



नए दांत निकलने वाले होते हैं, उस पर भी बुरा प्रभाव पड़ सकता है। इस वजह से नए दांत आड़े-तिरछे निकलते हैं। इसके अलावा अधिक चॉकलेट खाने से बच्चों में चिड़चिड़ापन और नींद की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है।

**कराएं प्रॉपर डेंटल चेकअप:** अगर बच्चे के दांतों में लंबे समय तक कोई समस्या हो तो जल्द से जल्द दांतों के डॉक्टर के पास जाकर चेकअप और ट्रीटमेंट करवाना चाहिए। समय पर इलाज नहीं किया जाए तो दांतों से जुड़ी बीमारी या सड़न उसके अंदरूनी हिस्से तक पहुंच सकती है। इससे दांत पूरी तरह खराब हो सकते हैं, जिन्हें निकलवाना भी पड़ सकता है।

**पैरेंट्स सावधानी बरतें:** आठ-दस साल से कम उम्र के बच्चे नासमझ होते हैं। उन्हें अच्छे और बुरे का ज्ञान नहीं होता है, तो स्वाभाविक है कि उनके लिए माता-पिता को ही विशेष ध्यान रखना होगा। बच्चों को चॉकलेट खाना पसंद होता है, लेकिन इसे ज्यादा खाना कितना हार्मफुल हो सकता है, इसकी जानकारी उन्हें नहीं होती है। इस बारे में पैरेंट्स को उन्हें समझाना चाहिए। बच्चों को प्यार से समझाएं कि ज्यादा मीठा और चॉकलेट खाने से आपके दांत खराब हो जाएंगे तो आपको डॉक्टर से इंजेक्शन लगवाना होगा। आप खाना भी नहीं खा पाएंगे। अगर खाना ठीक तरह से नहीं खाएंगे तो मजबूत कैसे बनेंगे? ऐसा नहीं है कि बच्चों को चॉकलेट और मीठी चीजें बिल्कुल देना ही बंद कर दें। लेकिन मीठा खाने के बाद उनकी दांतों की साफ-सफाई पर भी जरूर ध्यान दें। अपने बच्चे को मिल्क चॉकलेट की जगह डार्क चॉकलेट दें, क्योंकि इसमें शुगर की मात्रा कम होती है। इसके साथ ही बच्चों को दिन में दो बार ब्रश जरूर कराएं। एक बार सुबह और दूसरी बार रात में खाने के बाद। ❀



**(डेंटिस्ट डॉक्टर अमृत कश्यप से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप

### बिजली दरों में वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन आज

**सिरसा।** इनेलो के जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह जस्सा ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से बढ़ाए गए बिजली के दामों के विरोधस्वरूप 1 जुलाई को पंचकुला में इनेलो की ओर से प्रदेशव्यापी प्रदर्शन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष जस्सा ने कहा कि हाल ही में राज्य सरकार की ओर से प्रदेशवासियों पर पहले से ही महंगी बिजली की दरों में वृद्धि कर उनकी कमर तोड़ दी गई। उन्होंने कहा कि इस वृद्धि के खिलाफ ही इनेलो कल जिला पंचकुला के सेक्टर-6 में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करेंगे और सरकार को इस निर्णय को वापिस लेने पर बाध्य करेंगे।

### हजारों रुपये की केबल चोरी, केस दर्ज

**सिरसा।** ढाणी काहन सिंह, मंगाला में स्थित डेरे में लगी मोटरों से चोर हजारों रुपए की विद्युत केबल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में दयाल सिंह ने बताया कि वह डेरा सच्चा सौदा में सेवादार है। उसने बताया कि डेरे में लगी मोटरों की संभाल वही करता है। उसने बताया कि डेरे में लगी मोटर नंबर 22, 34 व 10 से चोर 700 फुट से अधिक विद्युत केबल चोरी कर ले गए। सुबह जब वह मोटरें संभालने के लिए गया तो उसे घटना का पता चला। उसने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन केबल का कोई सुराग नहीं लगा।

### मकान से 50 तोला सोना चोरी, केस दर्ज

**बरवाला।** शहर के वार्ड 19 के मकान से 50 तोले सोना चोरी होने का मामला पुलिस के पास पहुंचा है। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में वार्ड 19 निवासी अर्जुन ने पुलिस को शिकायत दी है। अर्जुन ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ 28 जून को अपने नाना की बरसी के लिए नरवाना गया हुआ था। इस दौरान उसका मकान बंद था। जब वह रात को घर लौटा, तो मकान का ताला टूटा हुआ और जब अंदर जाकर देखा तो अलमारी खुली मिली।

# इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम में लगी आग 50 लाख का सामान जलकर राख

**1** आग बुझाने में दमकल विभाग की चार गाड़िया लेकर कर्मचारी जुटे रहे, करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहर के पुराने बस स्टैण्ड के पास ताऊ देवीलाल मार्केट में स्थित इलेक्ट्रोनिक्स आइटमों के एक शोरूम में सोमवार अलसुबह अचानक भीषण आग लग गई। पड़ोसियों ने दुकान से धुंआ निकलते देखकर इस बारे दुकान मालिक को सूचना दी।

सूचना मिलते ही दुकान मालिक मौके पर पहुंचा और फायर बिग्रेड को बुलाया। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की चार गाडियों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक शोरूम में रखा लाखों रुपये का इलेक्ट्रोनिक्स का सामान जलकर स्वाह हो चुका था। दुकान में आग लगाने का कारण शार्ट मार्किट माना जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ताऊ देवीलाल मार्किट में इलेक्ट्रोनिक्स आइटमों का एक बड़ा शोरूम है। भारत ट्रेडिंग कंपनी नामक शोयम के संचालक विकेश कुमार ने बताया कि उनके पास चार ब्रांडेड कंपनियों का सामान मिलता है। दुकान में उन्होंने 50 लाख रुपए से भी ज्यादा का सामान रखा हुआ था। सोमवार अलसुबह करीब ढाई बजे उन्हें पड़ोसी के माध्यम से पता चला कि दुकान से धुआं निकल रहा है। इसके बाद वह अपने भाई के साथ दुकान पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। विकेश कुमार ने बताया कि करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों के सहयोग से आग पर काबू पाया जा सका, मगर तब तक सामान जलकर नष्ट हो गया। आग बुझाने में दमकल विभाग की चार गाड़ियां लेकर कर्मचारी जुटे रहे। दुकान मालिक व कर्मचारी सोमवार को भी दोपहर तक जला हुआ सामान दुकान से बाहर निकालने में लगे रहे।



फतेहाबाद। दुकान में आग से जला सामान। फोटो : हरिभूमि

## सीनियर सिटीजन परिषद ने मनाया मासिक जन्मोत्सव, 50 सदस्यों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

सीनियर सिटीजन परिषद द्वारा मलक मोदी धर्मशाला में मासिक जन्मोत्सव का कार्यक्रम अध्यक्ष गोपाल दत्त शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नागरिक अस्पताल के पूर्व एसएमओ डॉ. सतीश गर्ग, डॉ. शिव सचदेवा तथा कर्ण सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र जप से किया गया। डॉ. शिव सचदेवा ने कहा कि सीनियर सिटीजन परिषद बुजुर्ग लोगों के हित के लिए कार्य कर रही है और उनकी देखभाल भी करती है। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपने माता-पिता तथा अपने बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए और उनकी अच्छी तरह देखभाल करनी चाहिए। करण सिंह, कृष्ण कुमार गिल, मनफूल शर्मा, सतेंद्र भाटिया, देवेंद्र भाटिया, परिषद के पूर्व अध्यक्ष हंसराज नागपाल तथा वरिष्ठ सदस्य सीताराम खोबडा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान परिषद के जिन सदस्यों का जन्मदिन मई एवं जून में था उनको अतिथियों द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर लगभग 50 सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिव रामकुमार भाकर ने किया।



टोहाना। डॉ. सतीश गर्ग को सम्मानित करते हुए परिषद सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### श्री हर हर महादेव सेवा मंडल ने धार्मिक समारोह का किया आयोजन

**रतिया।** श्री हर हर महादेव सेवा मंडल मानसा द्वारा अमरनाथ यात्रा के उपलक्ष्य में पुराना बाजार रतिया में रात्रि को शिव चौंकी समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी सोमनाथ गर्ग व शुभम गर्ग द्वारा पूजा की गई व ज्योति प्रचंड सुनील गर्ग द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट सदस्यों द्वारा गुणगान किया गया। कलाकार दीपक जैन, गुरपाल सिंह, दीपक बाबा के भजनों पर श्रद्धालु झूमते दिखे। इस अवसर पर मां की रसोइ के प्रधान विरेंद्र कुमार के नेतृत्व में सदस्यों ने लंगर सेवा की। साथ में श्री संगमेश्वर धाम लंगर कमेटी सदस्यों द्वारा सहयोग स्वरूप सेवा की। कार्यक्रम में वंदना एवं कृतिका बच्चियों द्वारा खूबसूरत भजन गायन किया गया और जिसे श्रद्धालुओं द्वारा सराहा गया। मंडल सदस्य यादविंद्र गर्ग ने बताया कि श्री हर हर महादेव सेवा मंडल मानसा द्वारा धार्मिक समारोह आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्रवासी बढ़ चढ़ कर शामिल हुए और शिव भोले का गुणगान सुना। उन्होंने बताया कि 2 जुलाई को अमरनाथ यात्रा के लिए पहले जत्थे की रवानगी होगी।



रतिया। पूजन करते हुए मंडल सदस्य।

*श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में भागवत कथा शुरू*

## शब्दमयी भगवान का विग्रह है श्रीमद्भागवत महापुराण : स्वामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सेक्टर-20 स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में टेंपल ट्रस्ट के तत्वावधान में साप्ताहिक श्रीमद्भागवत महापुराण कथा विधिविधान से प्रारंभ हुई। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी गौरव गोयल ने यजमान के रूप में पूजा अर्चना कर कथा का शुभारंभ किया। कथा के पहले दिन कथाव्यास स्वामी ललित किशोर ने बताया कि श्रीमद्भागवत महापुराण कोई पुस्तक नहीं बल्कि यह एक भगवान का शब्दमयी विग्रह है। इस महापुराण में शब्दों के माध्यम से भगवान विष्णु के अवतार श्रीकृष्ण का चित्रण किया गया है ताकि लोग भगवान विष्णु की सगुण रूप की पूजा कर सकें। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण पूर्ण सच्चिदानंद स्वरूप हैं जिसमें सत, चैतन्य व आनंद के गुण विराजमान हैं। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत महापुराण की कथाभक्ति का शुद्ध रूप है, जिसमें हम ईश्वर के प्रति शुद्ध प्रेम और विश्वास व्यक्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत पुराण के श्रवण से आत्मा को परमात्मा से मिलने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने बताया कि वेद व्यास ने इस पुराण की रचना कलयुग के प्राणीमात्र के कल्याण के लिए की थी।



फोटो : 30सिरसा02 : कथा में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

*पूर्व नगरपार्षद ने दी चेतावनी कार्रवाई नहीं की तो आज प्रशासन का फूकेंगे पुतला*

## बोगस बिलों का भुगतान करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

भ्रष्टाचार के खिलाफ शिवपुरी के गेट पर धरना दे रहे पूर्व नगरपार्षद सुशील सैनी ने प्रशासन को चेतावनी दी कि अगर नगरपरिषद से बोगस बिलों का भुगतान करने वाले कनिष्ठ अभियंता प्रवीण और परिषद अभियंता अनिल पर भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत कार्रवाई न की गई तो मंगलवार को प्रशासन का पुतला फूंका जाएगा। पूर्व पार्षद सुशील सैनी ने कहा कि जेई और एमई ने मिलीभगत करके बोगस पेमेंट की। इसके लिए दोनों अधिकारी समान रूप से दोषी हैं। स्थानीय भाजपा नेता के भ्रष्टाचार में शामिल होने के कारण प्रशासन दबाव के चलते उन पर कार्रवाई नहीं कर रहा। सैनी ने कहा कि नगरपरिषद में जो लूट हुई है, उसका पाई-पाई का हिसाब देना पड़ेगा। अगर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई न की तो वे बुधवार से नगरपरिषद के गेट पर धरना देंगे। उन्होंने कहा कि नगर परिषद अधिकारियों ने इसे भ्रष्टाचार का अड्डा बनाकर रख दिया जिससे शहरवासी बुरी तरह परेशान हैं। बिना पैसे लिए नगरपरिषद में कोई काम नहीं होता। फर्जी बिलों के जरिए जनता के खून पसीने की कमाई की लूट हो रही है। उन्होंने कहा कि शहर के हर वर्ग के लोग धरने में उनके साथ आ रहे हैं क्योंकि हर व्यक्ति भ्रष्टाचार से दुखी है। उनकी यह लड़ाई निजी नहीं है बल्कि जनहित की है। न्याय न मिलने तक आंदोलन और संघर्ष इसी तरह जारी रहेगा।



सिरसा। नगरपरिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ धरनेक पर बैठे पूर्व पार्षद व शहरवासी।

## भरोखां के रोबिन ने बॉक्सिंग में जीता रजत



सिरसा। रजत पदक विजेता रोबिन को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

**सिरसा।** पंचकूला में बीती 27 से 29 जून तक आयोजित हरियाणा ओलंपिक बॉक्सिंग टूर्नामेंट में भरोखां के युवा बॉक्सर रोबिन ने 80 किलोग्राम वर्ग में अपने शानदार पंच से रजत पदक जीतकर गांव व सिरसा जिले का नाम रोशन किया। रोबिन की शानदार सफलता पर सीनियर व अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा, सीनियर बॉक्सर विनोद रोज, सतीश सुथार, संदीप बैनीवाल, प्रदीप गोदारा, मोहित, संजय, चंदन, पवन, करमवीर, संदीप, लवदीप, अंकित, जसपाल, प्रियंका, मोनिका, सतबीर, कृष्ण व सभी सीनियर बॉक्सर, जिला कोच सुनील, सतबीर कौर ने उसे बधाई व भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। कोच राहुल शर्मा ने बताया कि रोबिन काफी समय से उनके पास बॉक्सिंग की कोचिंग ले रहा है और बॉक्सिंग के प्रति पूरी तरह से समर्पित है। इससे पूर्व भी वह कई प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन कर चुका है।

### नवीन हत्याकांड में महिला गिरफ्तार

**हिसार।** सदर पुलिस ने हिंदवान गांव निवासी नवीन की हत्या मामले में आरोपी महिला पूजा रानी को गिरफ्तार किया है। वह इस मामले में पकड़ी गई सातवीं आरोपी है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक राजेश के अनुसार उक्त महिला आरोपी पूजा रानी 14 जून की सुबह हुई वारदात में शामिल थी। वारदात में नवीन की हत्या कर दी गई थी तथा उसके परिवारजनों पर भी जानलेवा हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाई गई थीं। अब तक इस मामले में कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार पूजा रानी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जांच अधिकारी के अनुसार 14 जून को शाम के समय गांव हिंदवान में दो पक्षों के बीच झगड़े की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस मौके पर पहुंची। वहां ज्ञात हुआ कि नवीन, सावित्री और राजबीर को धारदार हथियारों और लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल किया गया, जिन्हें उपचार के लिए हिसार अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित पक्ष के प्रताप सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 मई को नाली सफाई को लेकर कृष्ण, छोटू, महेन्द्र, नरेश आदि से कहासुनी हुई थी, जो बाद में आपसी समझौते से समाप्त हो गई थी परंतु 14 जून की सुबह जब पुनः नाली की सफाई की जा रही थी, तो उक्त व्यक्तियों ने जान से मारने की धमकी दी। शाम लगभग 6:30 बजे प्रताप सिंह का पुत्र नवीन टहलने के लिए निकला, तभी कुछ देर बाद मार दिया-मार दिया की आवाजें सुनाई दीं। आरोप है कि लगभग 15–20 लोगों, जिनमें चार महिलाएं और अन्य अज्ञात व्यक्ति शामिल थे, ने नवीन पर जानलेवा हमला कर उसकी हत्या कर दी।

### पुलिस ने तीन आरोपियों पर 5-5 हजार रुपये का इनाम किया घोषित

**हांसी।** फरार अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर विशेष अभियान शुरू किया गया है। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बताया कि शहर थाना हांसी में 9 अक्टूबर 2024 में धारा 406, 420 आईपीसी के तहत दर्ज मामले में वांछित आरोपी दिल्ली के रोहिणी सेक्टर 4 निवासी विरेन्द्र बल्हारा तथा शहर थाना हांसी में 18 मई में धारा 309(4), 309(6), 3(5) भारतीय न्याय संहिता व 25-54-1959 आर्म्स एक्ट में वांछित आरोपी जींद जिले के गांव राजपुरा भैण ऋषि व इक्कस निवासी पवन उर्फ पोनी पर 5-5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

## ढाणी श्यामलाल में सड़क निर्माण कार्यो का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मिलगेट रोड ढाणी श्यामलाल में नगर निगम द्वारा सड़क बनाने के कार्य चल रहे है। इसी क्षेत्र में जलभराव और सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या आ रही है। इसको लेकर मेयर प्रवीण पोपली ने क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान पार्षद भीम महाजन, एमई सुनील लाम्बा, जेई अर्जुन नाथ, जेई कुशल, पब्लिक हेल्थ के सुपरवाइजर सौरभ सहित क्षेत्रवासी मौजूद रहे। मेयर प्रवीण पोपली ने निर्माणधीन गलियों तथा उसके साथ लगती गलियां जिनका निर्माण होना है, उनका मौका निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान क्षेत्रवासियों की समस्याएं भी सुनी। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पानी की निकासी और सीवरेज जुड़ी समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करने के आदेश दिए। मेयर प्रवीण पोपली ने सड़क बनाने से पूर्व सीवरेज मेनहॉल लेवल में बनाने के दिशा-निर्देश दिए। तथा नगर निगम के अधिकारियों को सड़क बनाते समय ध्यान रखे कि जलभराव न हो पानी की निकासी सुचारु रुप हो। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग व नगर निगम संयुक्त रूप कार्य करने के लिए कहा।

ऐप से करें 100 प्रतिशत ई-केवाईसी

## फेस स्कैनिंग से ई-केवाईसी करवाएं उपभोक्ता : जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हरियाणा द्वारा पात्र लाभार्थियों की ई-केवाईसी की प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूर्ण कराने हेतु एक नई पहल की गई है। विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार लाभार्थी अब मेरा ई-केवाईसी मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से 100 प्रतिशत ई-केवाईसी कर सकेंगे। विभाग ने सभी पात्र उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समयसीमा से पहले यह प्रक्रिया पूरी करें ताकि राशन वितरण में कोई बाधा न आए। जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक विनीत जैन ने बताया कि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हरियाणा के दिशा निर्देशानुसार लाभार्थियों की ई-केवाईसी हेतु मोबाइल एप्लीकेशन डाउनलोड करके फेस स्कैनिंग से ई-केवाईसी करवाई जानी है। इस संदर्भ में मंत्रालय खाद्य एवं पूर्ति द्वारा एक मोबाइल एप मेरा ई-केवाईसी उपभोक्ताओं की 100 प्रतिशत ई-केवाईसी करने हेतु जारी किया गया है ताकि आमजन को डीपो स्थल पर न जाकर अपने मोबाइल में फेस स्कैनिंग के माध्यम से ई-केवाईसी की जा सके।

#### राशन मिलना हो सकता है बंद

इसके अतिरिक्त यदि किसी पात्र लाभार्थी की ई-केवाईसी अभी तक लंबित है तो वह पीओएस डिवाइस के माध्यम से डीपो स्थल पर जाकर अपनी ई-केवाईसी करवा सकते हैं जिन लाभार्थियों द्वारा अपनी ई-केवाईसी नहीं करवाई तो उन्हें राशन प्राप्त होना बंद भी हो सकता है, जिसके लिए कार्ड धारक/लाभार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### पंजाबी अरोड़ा समाज की नई कार्यकारिणी गठित

**सिरसा।** ऐलनाबाद पंजाबी अरोड़ा समाज ने एक बैठक हुई जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में दीपक अरोड़ा को प्रधान, कृष्ण लाल तनेजा, भगत सिंह वधवा को उपप्रधान, राहुल कामरा को महासचिव व रमन वाटस को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा यश मदान, राजू सेठी, राजेंद्र वाट्स, प्रवीन फुटेला, संजय खत्री, प्रेम अनेजा, संदीप गाबा, विशाल कामरा, संयोजक सुशील चलाना, सुरेंद्र सचदेवा, नरेश कटारिया सलाहकार, मोहन लाल कामरा, सोहन लाल कुक्कड़, सरदार ध्यान सिंह, धर्मशाला निगरानी कमेटी सदस्य प्रधान प्रेम डोडा, मनोहर चलाना, सुनील सचदेवा, राजीव कुक्कड़ को शामिल किया गया है। संस्था के प्रधान दीपक अरोड़ा ने बताया उनके एक महीने के कार्यकाल में समाज के द्वारा जो कार्य किए गए, उनमें नशे के खिलाफ जागृति अभियान, निर्जला एकादशी पर मीठे पानी की छबील लगाई गई। संरक्षक टीम का गठन किया गया, जिसके तहत समाज के 151 परिवारों को जोडक़र मासिक सहयोग शुरू किया गया। महासचिव राहुल कामरा ने बताया कि जल्द धर्मशाला निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। समाज के सभी लोगों से मिलकर समाज को एकजुट करने का प्रयास करेंगे व सबके सहयोग से धर्मशाला का निर्माण किया जाएगा। जल्द से जल्द युवा टीम व महिला टीम का गठन किया जाएगा।

राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेगे की अपील

## सर्व कर्मचारी संघ के जत्थे ने चलाया सम्पर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

सर्व कर्मचारी संघ के नेताओं ने खण्ड सचिव बिरेंद्र बेनीवाल की अध्यक्षता में बिजली बोर्ड, सीडीपीओ दफ्तर और सरकारी अस्पताल में कर्मचारियों से सम्पर्क कर 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल मे भाग लेने की अपील की। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए जिला सलाहकार पृथ्वी सिंह बाना, रिटायर्ड कर्मचारी संघ से बेगराज, अध्यापक संघ के जिला सचिव देसराज माचरा, खण्ड प्रधान सतपाल ढाका ने कहा कि 9 जुलाई को पूरे देश में हड़ताल है। हड़ताल के माध्यम से मांग की जाएगी कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए।

पक्के कर्मचारी के बराबर उन्हें वेतन, भत्ते व सुविधाएं मिले। जब तब इन कर्मचारियों को पक्का नहीं किया जाता, तबतक कर्मचारियों की सुरक्षा की गारंटी हो। राज्य का अलग वेतन आयोग बनाया जाए और तत्काल 5000 रुपये मासिक अंतरिम राहत दी जाए। सभी विभागों में लगे कर्मचारियों की पुरानी पेशन बहाल की जाए।चार लेबर कोड रद्द हो। हर पांच साल की सेवा के बाद पदोन्नति वेतनमान दिया जाए।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर कश्मीरी लाल, कुलदीप गरवान , सतीश साई, सरोज बाला, पिंकी, अजय सिंगला, मंजीत, भाल सिंह भद्रेचा, अर्जुन साई, भजन लाल, सुनील, नरेश, ज्योति, प्राची, कौशल, सुदेश, शीला, रानी, राजेश्वरी, बिमला, उर्मिला, कविता आदि उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** श्री अद्वेत स्वरूप विचार आश्रम मंदिर में लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप

## 250 से अधिक लोगों ने उठाया स्वास्थ्य जांच का लाभ

- आंख, दातों के साथ बीपी और शुगर को भी जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

श्री अद्वेत स्वरूप विचार आश्रम मंदिर ट्रस्ट और नव कल्याण संस्था द्वारा आश्रम प्रांगण में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैम्प का आयोजन किया गया। संत स्वामी ध्यान प्रेमानन्द महाराज, स्वामी विज्ञान प्रेमानद महाराज, स्वामी विचार सेवानन्द महाराज के सानिध्य में आयोजित इस कैंप की अध्यक्षता संस्था की महिला प्रधान रितु खन्ना व प्रचार मंत्री सुदर्शन नरूला ने की। प्रधान बंटी कम्बोज ने बताया कि निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप में आंखों की जांच डॉ. सतीश, दांतों की जांच डॉ. कोमल गेरा, महिला रोगों की जांच डॉ. निधि संदूजा व बीपी व शुगर की जांच सर्व लैब से प्रवीण ग्रोवर द्वारा निःशुल्क प्रदान की गई। कैंप में 250 से अधिक लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। स्वामी ध्यान प्रेमानन्द महाराज, स्वामी विज्ञान प्रेमानद महाराज ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और लोगों से अपने स्वास्थ्य की समय-समय पर जांच करवाने की अपील की। कैम्प में मुख्यअतिथि के तौर पर एमएम कॉलेज प्रेजिडेंट राजीव बत्रा ने इस कार्य के लिए संस्था को सहयोग देकर सम्मानित किया।



फतेहाबाद। कैम्प में लोगों के स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर विचार आश्रम मंदिर ट्रस्ट के प्रधान कृष्ण वधवा, अशोक नरूला, साहब दयाल वधवा रष्ट्रीय अध्यक्ष ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी, एडवोकेट राजेंद्र, विचार आश्रम मंदिर के सेवादार रमेश, सुरेश टुटेजा, प्रिंस ग्रोवर, अशोक ग्रोवर, संजीव टुटेजा, गुरचरण ग्रोवर, सुभाष अरोड़ा, कश्मीर कम्बोज, संस्था की ओर से संदीप यादव, आरसी राठौर, रितु खन्ना, एडवोकेट दीक्षा सचदेवा, नेहा मेहता, साहिल श्रीधर, ओम समीर, सुदर्शन नरूला, राजकमल, अंकित मेहता, दलबीर शाक्य सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।*

## खबर संक्षेप

### दो पुलिस अधिकारी हुए सेवानिवृत, दी विदाई

**फतेहाबाद**।फतेहाबाद पुलिस विभाग द्वारा पुलिस लाइन परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें दो वरिष्ठ और समर्पित पुलिस अधिकारियों को सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मान विदाई दी गई। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों में निरीक्षक हरबंस लाल ने 32 वर्षों तक अनुशासन, ईमानदारी और सेवा भावना की मिसाल पेश की। इसके अलावा निरीक्षक कृष्ण कुमार ने 33 बर्षों तक अपनी कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ विभाग को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान की।

### समस्याओं का समयबद्ध समाधान करें: नगराधीश

**सिरसा**। लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नगराधीश यश मलिक ने आमजन की शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। जिला में आयोजित इन शिविरों में कुल 36 शिकायतें दर्ज की गईं। नगराधीश ने कहा कि सभी विभाग आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ तय समय में हल करें, ताकि लोगों को अधिकतम लाभ मिल सके। समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के निवारण का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। इन शिविरों में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जा रहा है।

### नव कल्याण संस्था ने किया पौधरोपण

**फतेहाबाद**।नव कल्याण संस्था ने शहीद ऊधम सिंह पार्क व नागरिक हॉस्पिटल से पौधरोपण अभियान की शुरुआत की। संस्था के प्रधान बंटी कम्बोज ने बीजेपी के भाजपा पूर्व मण्डल अध्यक्ष शम्मी ढींगड़ा, शहरी मण्डल उपप्रधान रवि शर्मा और कम्बोज समाज फतेहाबाद से सुभाष कम्बोज, रिटायर एसडीओ भगवान दास कम्बोज, मास्टर कृष्ण लाल कम्बोज, डॉ. देसराज कम्बोज, ईएनटी डॉ. जय प्रकाश शर्मा, मेडिकल ऑफिसर डॉ राशिद और खुशी संस्था के गोपाल बंसल से पौधरोपण कर अभियान का शुभारम्भ किया।

### आदर्श स्कूल में इन-हाउस प्रशिक्षण सत्र का आयोजन

**फतेहाबाद**। गांव दरियापुर स्थित आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 'मूल्य शिक्षा' पर एक महत्वपूर्ण इन-हाउस प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया, जिसका सफल संचालन संदीपलता ने किया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को मूल्य-आधारित शिक्षा के महत्व और इसके प्रभावी कार्यान्वयन के तरीकों से अवगत कराना था, ताकि वे अपने छात्रों में नैतिक मूल्यों और आदर्शों को पोषित कर सकें। विद्यालय के शिक्षकों ने इस सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मूल्य शिक्षा की गहरी समझ प्राप्त की। संदीपलता के अनुभव और ज्ञान से शिक्षकों ने बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्राप्त की, जो उन्हें अपने शिक्षण में मूल्य-आधारित दृष्टिकोण को प्रभावी ढंग से शामिल करने में मदद करेगी। इस प्रशिक्षण सत्र का सबसे बड़ा लाभ हमारे छात्र उठाएंगे, क्योंकि अब हमारे शिक्षक उन्हें नैतिकता, जिम्मेदारी और सामाजिक मूल्यों के साथ शिक्षित करने में और भी सक्षम होंगे।

## नगरपालिका के नीचे बेसमेंट में घुसा पानी ,कार्यालय का कामकाज प्रभावित

# पार्षद बोले- बिल्डिंग निर्माण की तुरंत हो जांच एसडीएम ने कहा, अधिकारियों को देंगे नोटिस


हरिभूमि न्यूज ▸▸| रतिया

शहर में रविवार शाम को आई मूसलाधार बारिश से जहा शहर में पानी की निकासी का उचित प्रबंध ना होने पर जगह जगह पानी भरने से आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ा वहीं जलभराव से नगरपालिका के बेसमेंट में ही पानी भर जाने की नगरपालिका प्रशासन की कार्य प्रणाली पर ही सवालिया निशान उठ रहे है।

सोमवार को जहां नगरपालिका अधिकारियों ने पंपसेट लगाकर बेसमेंट से पानी निकालने की कार्यवाही शुरू की वही नगरपालिका के पार्षदों सतपाल, गुरप्रीत गोपी, प्रतिनिधि जगसीर सहित अन्य प्रतिनिधियों ने कहा कि नगर पालिका ने हाल ही में करोड़ों रुपये लगाकर बिल्डिंग का निर्माण करवाया था लेकिन उस वक्त बेसमेंट में पानी की निकासी सहित अन्य निर्माण में लापरवाही दिखाई गई जिसके चलते जहां थोड़ी देर की बारिश से ही नगरपालिका डूब गई। बेसमेंट में बने आधार कार्ड ,जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्रों सहित कार्यालय में पड़े अन्य जरूरी दस्तावेज भी खराब हो गए है। पार्षदों ने नगर पालिका अधिकारियों को आड़े लेते हुए कहा कि कुछ समय पहले लाखों रुपये खर्च किए गए थे।



**रतिया**। नगर पालिका कार्यालय से पानी निकालते हुए नगर पालिका कर्मचारी।



### एसडीएम ने आज बुलाई बैठक

एसडीएम सुरेश कुमार ने कहा कि पिछले दिनों मानसून की तैयारी को लेकर दो बार बैठक बुलाई की है जिसमें बारिश और बाढ़ से निकासी को लेकर तैयारी सुदृढ़ करने को लेकर दिशा निर्देश देते हुए 20 जून तक प्रबंध पूरे करने की समय सीमा तय की गई थी। इसको लेकर मंगलवार को रिव्यू बैठक बुलाई गई है जिसमें पानी निकासी के प्रबंध की पूरी रिपोर्ट ली जाएगी ।

### 8 घंटे बाद भी नहीं निकल पाया पानी

नगर पालिका की बेसमेंट में पानी भरने के 18 घंटे बाद तक निकासी नहीं हो पाई। नगर पालिका के कर्मचारी पंप सेट लगाकर पानी निकलते रहे लेकिन पानी ज्यादा होने के कारण दोपहर बाद तक भी पानी नहीं निकल पाया जिस कारण नगर पालिका कार्यालय की बिजली बंद रही और सारा दिन कामकाज प्रभावित रहा। रविवार देर शाम को रतिया शहर में मौसम की पहली बरसात आई थी जिसके बाद फतेहाबाद रोड, अनाज मंडी रोड व अन्य जगह पानी भर गया

## पेयजल को लेकर आधी रात को सड़क पर उतरे शहरी

- शहर के अशोक नगर में बिजली-पानी व्यवस्था ठप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

शहर के अशोक नगर में बिजली-पानी व्यवस्था ठप्प हो गई। बारिश के बाद बिजली सप्लाई बहाल नहीं हो सकी। इस कारण घरों में पानी की सप्लाई की व्यवस्था भी गड़बड़ा गई। गुस्साए लोग रात 12 बजे सडक़ पर आए और प्रशासन के प्रति रोष प्रकट किया। पार्षद ने भी प्रशासन को चेतावनी दी कि स्थायी समाधान नहीं हुआ तो लोगों को साथ लेकर प्रदर्शन करेंगे।

### जनता बेहाल

रोड जाम भी करेंगे। वार्ड नंबर-8 के पार्षद मास्टर चंद्रभान वधवा ने बताया कि गर्मी के मौसम में जनता बेहाल हो चुकी है। प्रशासन ने बेशर्मी की सारी हदें पार कर रखी हैं। शहर में दो टाइम पानी सप्लाई छोड़ी जाती है, लेकिन हमारे यहां पर पानी एक समय आता है। उस समय बिजली गुल हो जाती है। सप्ताह में दो-तीन बार पानी नहीं आता है। मात्र 40 मिनट पानी सप्लाई छोड़ी जाती है, जिससे पर्याप्त स्टोरेज नहीं हो पाता है। पार्षद चंद्रभान ने कहा कि अफसरों को कोई चिंता नहीं है कि लोगों का क्या हाल है। अफसर लोगों के घरों में आकर देख लें कि टंकियां खाली पड़ी हैं। एक बार पानी सप्लाई भी टाइम पर नहीं आती है। कभी रात को 12 बजे सप्लाई आती है, तो कभी 1 बजे।

पार्षद ने कहा कि हम शहर के निवासी हैं, लेकिन इससे तो गांवों के हालात ठीक हैं। पार्षद ने चैलेंज किया कि अगर समाधान नहीं किया गया तो प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। पार्षद चंद्रभान ने बताया कि एक सप्ताह पहले भी एसडीएम राजेश कुमार के पास गए थे।

जल्द समाधान का आश्वासन मिला था, मगर, कोई समाधान नहीं हुआ। जेई-एसडीओ को कॉल कर चुके, लेकिन कोई सुध नहीं ली जा रही। पार्षद ने कहा कि हमें दो समय पानी की सप्लाई चाहिए।

## फ्री बिजली देने का वायदा करने वाली बीजेपी ने रेट बढ़ाकर जनता से किया विश्वासघात : सुनैना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

इनेलो प्रदेश महिला प्रभारी सुनैना चौटाला ने बिजली के रेट बढ़ाए जाने पर भाजपा सरकार को आड़े हाथ लिया है। उनका कहना है कि विधानसभा चुनावों में 300 यूनिट फ्री बिजली देने का वायदा करने वाले बीजेपी नेताओं को पोल जनता के सामने खुल चुकी है। बिजली के रेट बढ़ाकर बीजेपी सरकार ने न केवल प्रदेश की जनता के साथ विश्वासघात किया है बल्कि पहले ही महंगाई की मार झेल रहे लोगों के जले पर नमक छिडक़ने का काम किया है।

सुनैना चौटाला फतेहाबाद जिले के तीन दिवसीय दौरे के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रही थी। उन्होंने गांव बनमंदौरी, मेहुवाला, बोदीवाली, सरवरपुर, सुलीखेड़ा, गदली, ढाबी खुर्द, पीलीमंदौरी सहित अनेक गांवों का दौरा किया। इस दौरान सुनैना चौटाला ने जहां ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं को लेकर चर्चा की वहीं इनेलो से बरसों से जुड़े रहे ऐसे कार्यकर्ताओं से भी मिली जो किसी कारणवश इनेलो को छोड़ चुके हैं। सुनैना चौटाला ने इन कार्यकर्ताओं से दोबारा संगठन से जुडक़र जननायक चौ. देवीलाल और पूर्व सीएम स्व. ओमप्रकाश चौटाला के कामों को आगे बढ़ाने के लिए अभय सिंह चौटाला के हाथ मजबूत करने का आह्वान किया। इस दौरान अनेक कार्यकर्ताओं ने इनेलो में घर वापसी भी की जिनका सुनैना चौटाला ने स्वागत किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सुनैना चौटाला ने भाजपा को सबसे झूठी पार्टी बताते हुए कहा कि इसके नेता वोटों के समय कुछ बोलते हैं और सत्ता में आते ही यह नेता गिरगिट की तरह रंग बदल जाते हैं। चाहे फ्री सिलैण्डर देने की बात हो, मुफ्त बिजली देने का वायदा हो या महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये देने की घोषणा, अब तक बीजेपी सरकार एक भी वायदे को पूरा नहीं कर पाई है उलटा बिजली के रेट बढ़ाकर बीजेपी सरकार ने लोगों को अपना असली चेहरा दिखाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही बढ़े हुए बिजली के रेट वापस नहीं लिए और चुनावों में किए अपने वायदों को पूरा नहीं किया तो आने वाले दिनों में इनेलो कार्यकर्ता सरकार के खिलाफ सडक़ों पर उतरकर बीजेपी की पोल खोलने का काम करेंगे।


**फतेहाबाद**। ग्रामीणों को संबोधित करते इनेलो महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला। फोटो : हरिभूमि

## फतेहाबाद में अखिल भारतीय सेवा संघ की शाखा गठित, डॉ. बजाज बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

अखिल भारतीय सेवा संघ के गठन को लेकर शहर के गणमान्य नागरिकों की बैठक होटल 7 स्पाइस में हुई। बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय सेवा संघ के राष्ट्रीय महासचिव विनोद धवन द्वारा की गई। बैठक में सिरसा से प्रांतीय महासचिव मुकेश वर्मा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष प्रमोद सचदेवा, आकाश सैन, सेवा डायमंड जितेंद्र बंसल और हिसार के जिला संयोजक जतिन वधवा विशेष रूप से उपस्थित रहे।बैठक के दौरान फतेहाबाद शहर में सेवा के प्रोजेक्ट्स को गति देने के लिए अखिल भारतीय सेवा संघ की शाखा का गठन किया गया। इसमें शिक्षाविद् अनिल वोहरा को संरक्षक, पवन रूखाया को संयोजक, डॉ. अवतार लाल बजाज को अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा राजकुमार बंसल को सचिव, धर्मपाल चावला को कोषाध्यक्ष, डॉ. सीता राम शर्मा को वरिष्ठ उपप्रधान, अर्जुन दास भाटिया को उप प्रधान, अरविंद मोंगा को संगठन सचिव, सुरेश शर्मा रिटायर्ड प्रिंसिपल को सलाहकार, जुगल किशोर छाबड़ा को सह कोषाध्यक्ष, अश्वनी कम्पानी को सह सचिव की जिम्मेवारी सौंपी गई, वहीं डॉ. सुमन बजाज, अशोक बत्रा, जय सिंघल, रोहतास शर्मा को कार्यकारिणी में शामिल किया गया। सभी पदाधिकारियों को दायित्व की शपथ दिलाई गई। इसके अलावा नरेश मेहता, अनीता छाबड़ा, धीरज बत्रा, रविन्द्र चौधरी, हरीश गर्ग को सदस्यता की शपथ दिलाई गई।

जिला संयोजक पवन रुखाया ने बताया कि राष्ट्रीय महासचिव विनोद धवन ने 30 सदस्यों को सदस्यता की शपथ दिलाई तथा शीघ्र ही फतेहाबाद में 50 और सदस्यों को जोड़ा जाएगा।


**फतेहाबाद**। अखिल भारतीय सेवा संघ के चुन गए पदाधिकारी।


सिरसा। गौशाला कमेटी समाजसेवी ललित जैन को सम्मानित करते हुए।

### पन्नीवाला गोशाला कमेटी ने समाजसेवी ललित जैन को किया सम्मानित

**ओढां**। क्षेत्र के गांव पन्नीवाला स्थित श्री कृष्ण गौशाला में गौशाला कमेटी व ग्रामीणों की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जयदेव-सहदेव चैरिटेबल ट्रस्ट सिरसा के प्रधान व समाजसेवी ललित जैन व नरसिंह दास बंसल डुंगा बुंगा वाले ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। गौशाला प्रधान प्रेम गोदारा ने गौशाला कमेटी की ओर से दोनों का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। ललित जैन ने ट्रस्ट की ओर से गौशाला को दो लाख रुपए की सहयोग राशि गौवंश के लिए भेंट की। ललित जैन ने कहा कि समाजसेव कार्यों के लिए ट्रस्ट का गठन किया गया था। ट्रस्ट द्वारा लगातार समाजसेवा के कार्य जारी हैं और भविष्य में भी जारी रहेंगे। गौशाला कमेटी व ग्रामीणों ने सहयोग के लिए ललित जैन व नरसिंह दास बंसल का आभार व्यक्त किया और स्मृति चिन्ह देकर स मानित किया। इस मौके पर उप प्रधान रामसिंह कस्वां, कोषध्यक्ष प्रहलाद नंबरदार, सचिव ओमप्रकाश मास्टर मुनीम, सुरेश खुईया, कमेटी मेंबर ताराचंद, बनवारीलाल डूडी, सुभाष बैनीवाल, इंद्रपाल सहारण, भीमसैन सहारण, राकेश डुडी उपस्थित थे।

## श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव के दरबार में टेका मत्था, सांची जोत के किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

आषाढ़ माह की चांदनी दूज के उपलक्ष्य में श्रद्धालु शक्ति नगर स्थित प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर रामदेवरा पहुंचे और बाबा रामदेव महाराज की संध्या आरती में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव महाराज के दरबार में हाजिरी लगाकर नारियल ध्वजा चढ़ाई। श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव महाराज की परिक्रमा करते हुए बाबा रामदेव महाराज की महिमा में जयकारे लगाकर आसपास के माहौल को भक्तिमय कर दिया। श्री बाबा रामदेव सेवा समिति के प्रधान रमेश जोइया ने समिति सदस्यों के साथ बाबा रामदेव महाराज को फूलों की माला अर्पित कर विधि-विधान से पूजा अर्चना व अराधना की। बाबा रामदेव महाराज की पावन व सांची जोत प्रज्वलित की गई। जोत प्रज्वलित होते हुए श्रद्धालुओं ने जोत को नमन किया और मन्नतें मांगी। आरती उपरांत बाबा रामदेव महाराज का चूरमा, मिश्री, फल, मिष्ठान, मेवे व बताशें आदि का भोग लगाकर प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। समिति प्रधान रमेश जोइया ने बताया कि हर माह की चांदनी दूज व चांदनी दशमी के उपलक्ष्य में बाबा रामदेव महाराज की विशेष रूप से पूजा अर्चना व अराधना की जाती है जिसमें श्रद्धालु पूरी आस्था व विश्वास के साथ शामिल होते है। इस मौके पर समिति प्रधान रमेश जोइया, रामनिवास शर्मा, राकेश जोइया, कमलकांत डाबी, आर्यन आहुजा, सोनू शर्मा, ओमप्रकाश मोंगा, मनोज चायल सहित अन्य मौजूद रहे।


**फतेहाबाद**। प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।


**फतेहाबाद**। महिला सुरक्षा को लेकर युवतियों को जागरूक करती पुलिस कर्मचारी।

### महिला सुरक्षा पर जागरूकता अभियान, ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम की दी गई जानकारी

**फतेहाबाद**।जिले में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज फतेहाबाद शहर में महिला सुरक्षा टीम की प्रभारी निरीक्षक मंजू सिंह के नेतृत्व में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित यात्रा और आपातकालीन स्थितियों में त्वरित सहायता के लिए उपलब्ध ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम की जानकारी देना था। निरीक्षक मंजू सिंह ने महिलाओं को समझाया कि यह प्रणाली किस प्रकार उनकी यात्रा के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहायक है। महिलाएं अपनी यात्रा की जानकारी पुलिस के निगरानी तंत्र के साथ साझा कर किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त कर सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं से उनके अनुभव और सुझाव भी आमंत्रित किए गए। इसके साथ ही एक सुरक्षा सर्वेक्षण कराया गया, जिसमें यात्रा के दौरान आने वाली चुनौतियों, असुविधाओं और सुझावों पर फीडबैक लिया गया। यह जानकारी भविष्य में महिला सुरक्षा से जुड़ी रणनीतियों को और अधिक प्रभावी बनाने में उपयोग की जाएगी।

## सट्टेबाजी के खिलाफ पुलिस का एक्शन, ठगी में इस्तेमाल किए जा रहे एप को बंद करवाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के दिशा-निर्देशानुसार फतेहाबाद पुलिस द्वारा अवैध ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी वेबसाइटों और मोबाइल ऐप्स के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान के तहत पुलिस ने एक अवैध सट्टेबाजी ऐप Allpanelxch को बंद करवाने में बड़ी सफलता प्राप्त की है।

फतेहाबाद पुलिस द्वारा डोमेन सेवा प्रदाता Hostinger के संपर्क ईमेल के माध्यम से पत्राचार कर वेबसाइट https://allpan-elexch.org.in और उससे जुड़ी सट्टेबाजी सेवाओं को तकनीकी रूप से निष्क्रिय करवा दिया गया है। इसके अतिरिक्त, ऐसी अन्य संदिग्ध अवैध सट्टा ऐप्स व वेबसाइटों की भी पहचान की जा रही है, जिनके विरुद्ध भारत सरकार के माध्यम से बंद कराने हेतु पत्राचार किया गया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि ये ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स भोले-भाले लोगों को जल्दी पैसा कमाने का लालच देकर झांसे में फंसा लेती हैं, जिससे व्यक्ति आर्थिक रूप से बर्बाद हो जाता है और कई बार मानसिक तनाव में आकर आत्मघाती कदम तक उठा लेता है।

यह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि समाज के लिए भी अत्यंत घातक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे अवैध ऐप्स के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा खेलने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भी "हरियाणा परिवेक्षण जुआ अधिनियम, 2025" के तहत सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। कानून सभी पर समान रूप से लागू होता है, चाहे वह ऐप का संचालक हो या उसका उपयोगकर्ता।

## लघु सचिवालय के सभागार में नगराधीश ने सुनीं शिकायतें

कई गांवों के लोग भी शिकायतों के समाधान के लिए शिविर में पहुंचे

# हुडा सेक्टर मेन एंट्री के पास स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग, समाधान शिविर में पहुंची शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

लघु सचिवालय के सभागार में नगराधीश गौरव गुप्ता ने सोमवार को समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनी। नगराधीश ने समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों को सुपुर्द किया और कहा कि अधिकारी शिकायत के निपटान में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरते। सरकार के उच्चाधिकारियों द्वारा प्रति सप्ताह समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों की समीक्षा की जा रही है। इसलिए यह जरूरी है कि संबंधित विभाग के अधिकारी निर्धारित समयावधि में शिकायतों का निपटारा करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही शिकायत का समाधान होने पर इसकी सूचना संबंधित प्रार्थी को भी दें। गांव जांडली के सरपंच ने बिजली की समस्या का समाधान करने, फतेहाबाद निवासी जसवंत ने गली बनवाने, गांव झलनियां निवासी विनोद मदान ने बरसाती पानी की निकासी कराने, डूल्ट निवासी विनो देवी ने गांव के ही अन्य युवकों पर कार्यवाही करने, गांव खुंबर निवासी जैमन ने ढाणी में ट्रांसफर लगवाने की अनुमति संबंधि अपनी शिकायत रख।


**फतेहाबाद**। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते सीटीएम गौरव गुप्ता।

### ये मामले रखे गए

समाधान शिविर में गांव समैन निवासी सतीश कुमार डी-प्लान रोड का निर्माण, फतेहाबाद निवासी कृष्ण कुमार ने मकान के साथ लगती पानी की पाइप लाइन हटवाने, फतेहाबाद निवासी सुखविन्द्र कौर ने पीपीपी में नाम ठीक करवाने, गांव भिरडाना निवासी प्रभुदयाल, फतेहाबाद निवासी सुनीता व स्थानीय निवासी पवन ने पीपीपी ठीक करवाने, फतेहाबाद निवासी मुकेश ने सडक़ को ठीक करवाने, भिरड़ाना निवासी कुलदीप ने रास्ते में नाजायज कब्जे को हटवाने, फतेहाबाद निवासी सुनीता ने खाता खुलवाने, फतेहाबाद निवासी राजबाला ने पीपीपी ठीक करवाने, प्रधान भाईचारा यूनियन ने मोटर साइकिल को जब्त करने, गांव कुलां निवासी शिव दयाल ने पेंशन चालू करवाने, धांगड़ निवासी अमीर खान ने पीएम आवास योजना के सहायता दिलवाने, गांव सनियाना निवासी अभिषेक ने जाति बदलवाने, स्थानीय हुडा सेक्टर मैन एंट्री के पास स्पीड ब्रेरकर बनवाने, सीवरेज ठीक करवाने बारे, 33 किलो वाट का ट्रांसफर लगवाने,